हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live &
dkunews24

वर्ष : 03 अंक–286 : जौनपुर, बुधवार 23 फरवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## दीपोत्सव की भव्यता से कम नहीं होगा अयोध्या में योगी का चुनावी रोड शो

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार विधानसभाओं में रोड शो का आयोजन कर रही है।वही इसी कड़ी में अयोध्या में यूपी की सबसे बड़ा रोड शो करने जा रहे है। जोकि दीपोत्सव के भव्य आयोजन से कम नहीं दिखाई देगी। इसके रूट मैप तैयार कर लिया गया है। इसके साथ ही अयोध्या के रोड शो की भव्यता को बढ़ाने के लिए कई स्थानों पर स्वागत और में संतों के साथ 25 हजार लोगों की भीड़ जुटाए जाने की तैयारी है।दीपोत्सव की भव्यता से कम नहीं होगा अयोध्या में योगी का रोड शो, जाने पूरी तैयारी और रूट मैप योगी के रोड शो में बाजे गाजे के साथ शामिल होंगे संत व ब्राह्मण। उत्तर प्रदेश विधानसभा के पांचवें चरण में होने वाले मतदान की प्रक्रिया 25 फरवरी को थम जाएगी इसके पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या विधानसभा में भव्य रोड शो करने की तैयारी है। और इस रोड शो भी राजनीतिक दृष्टि से बहुत महत्व रखता है। जिसकी तैयारी यूपी के जल शक्ति मंत्री महेंद्र सिंह तैयारी का जायजा लेने अयोध्या पहुंचे। वही साकेत महाविद्यालय से इस रोड शो का रूट मैप तैयार किये जाने के साथ स्थान स्थान पर स्वागत पॉइंट तैयार किया जाएगा। तो वही रोड शो में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ अयोध्या के संत एक विशेष रथ पर सवार होंगे तो वहीं उसके आगे वैदिक ब्राह्मणों की टोली चलेगी। इस रोड शो में अलग–अलग भूमिकाएं दिखाए जाने के लिए युवा मोर्चा महिला मोर्चा व्यापारी संगठन के लोग शामिल होंगे। तो वही दो रथ के



साथ राम की धुन बजते डीजे व ढोल नगाड़े भी शामिल किए जाएंगे। तो वही साकेत महाविद्यालय से नया घाट बंधा तिराहा तक 3 किलोमीटर की एरिया को भाजपा के झंडे और वैनरो से सजाया जाएगा। और सड़कों पर भगवा गुब्बारे भी दिखाई देंगे। वहीं अयोध्या में होने वाली रोड शो को लेकर भारतीय जनता पार्टी की कमेटी बूथ अध्यक्ष, स्थानीय पार्षद व अन्य पदाधिकारियों को नगर पदाधिकारियों को मैदान में उतार दिया है। अयोध्या पहुंचे उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री महेंद्र सिंह ने पदाधिकारियों को जानकारी देते हुए बताया है कि साकेत महाविद्यालय से नया घाट तक के 3 किलोमीटर के क्षेत्र को भव्य सजाए जाने के साथ अपार जन समर्थन जुटाने की भी तैयारी है और बताया कि इस रोड शो में 25 हजार लोग शामिल हो सके इसका लक्ष्य रखा गया है। तो वही अयोध्या विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों कि लोग भी शामिल होंगे। इस रोड शो के तैयारी का जायजा के दौरान उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री महेंद्र सिंह अयोध्या प्रत्याशी वेद प्रकाश गुप्ता नगर, महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र, बांके मणि त्रिपाठी, अवधेश सिंह बादल सहित दर्जनों संगठन के वरिष्ठ नेता शामिल रहे।

## थाना सिंगरामऊ पुलिस ने हत्या के मुकदमें में 2 महिला अभियुक्ता सहित चार वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध एवं आपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जौनपुर व क्षेत्राधिकारी बदलापुर जौनपुर के कुशल मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष सिंगरामऊ कमलेश कुमार उ0नि0 श्री रामध्यान यादव मय हमराह का0 लक्ष्मण कुमार, का0 हरखनाथ यादव, का0 सुशील यादव ,का0 विमलेश यादव ,म0का0 एकता तिवारी व म0का0 पूजा वर्मा के साथ क्षेत्रभ्रमण व चेकिंग के दौरान दिनांक 21.2.2022 को ग्राम मल्लुपुर में घटित हत्या की घटना में पंजीकृत मु0अ0सं0–19‎2022 धारा 498 ।‎342‎ 302‎120ठ‎34 भा0द0वि0 सिगरामऊ जौनपुर में वांछित अभियुक्त की तलाश में मामूर थे कि आज सुबह मुखविर द्वारा दी गयी सूचना पर हरिहरपुर बार्डर पास वहद ग्राम हरिहरपुर में अभि0गण 1. नितेश उर्फ अंकित यादव पुत्र राजबहादुर यादव निवासी मल्लूपुर थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर व राष्ट्रीय राजमार्ग सुल्तानपुर– वाराणसी से 2. राजबहादुर यादव पुत्र स्व0 राजवन्त यादव निवासी मल्लूपुर थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर 3. मनीषा यादव पत्नी राजबहादुर यादव निवासी मल्लूपुर थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर 4. विभा यादव पुत्र राजबहादुर यादव निवासी मल्लूपुर थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया । अभि0 नितेश उर्फ अंकित यादव उपरोक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल पिस्टल .32 बोर व एक जिन्दा कारतूस 32 बोर बरामद हुआ। बरामद शस्त्र के सम्बन्ध में अभि0 नितेश उर्फ अंकित यादव उपरोक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0–20/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों का





विवरण 1. नितेश उर्फ अंकित यादव पुत्र राजबहादुर यादव निवासी मल्लूपुर थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर उम्र करीब 24 वर्ष 2. राजबहादुर यादव पुत्र स्व0 राजवन्त यादव निवासी मल्लूपुर थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर उम्र करीब 54 वर्ष 3. मनीषा यादव पत्नी राजबहादुर यादव निवासी मल्लूपुर थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर उम्र करीब 48 वर्ष 4. विभा यादव पुत्र राजबहादुर यादव निवासी मल्लूपुर थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर उम्र करीब 25 वर्ष बरामदगी का विवरणः– 1. एक अदद पिस्टल 32 बोर। 2. एक अदद जिन्दा कारतूस 32 बोर।

गिरफ्तारी करने वाली टीम– 1. थानाध्यक्ष कमलेश कुमार थाना सिंगरामऊ जौनपुर। 2. उ0नि0 श्री रामध्यान यादव थाना सिंगरामऊ जौनपुर। 3. का0 सुशील यादव थाना सिगरामऊ जौनपुर 4. का0 हरखनाथ यादव थाना सिंगरामऊ जौनपुर। 5. का0 विमलेश यादव थाना सिंगरामऊ जौनपुर।6. का0 लक्ष्मण कुमार थाना सिंगरामऊ जौनपुर। 7.म0का0 पूजा वर्मा थाना सिंगरामऊ जौनपुर। 8. म0का0 एकता तिवारी थाना सिंगरामऊ जौनपुर। 9. चालक हे0का0 संदीप कुमार यादव थाना सिंगरामऊ जौनपुर।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## बाइक जुलूस निकालकर शिक्षको ने मतदान हेतु किया प्रेरित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आगामी 7 मार्च को विधानसभा चुनाव को लेकर जनपद में होने वाले मतदान में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कराने से बुधवार को परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों ने मोटरसाइकिल जुलूस निकालकर कर मतदाताओं को ज न केवल मतदान के लिए प्रेरित किया बल्कि मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान कितना जरूरी है इसके महत्व को भी समझाया जा रहा है। दिन में लगभग दस बजे ब्लाक संसाधन केंद्र पर मोटरसाइकिलो के साथ शिक्षको का हुजूम



उमड़ने लगा। खण्ड शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार यादव ने झंडी दिखाकर बाइक जुलूस को रवाना करते हुए खुद प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह के साथ मोटरसाइकिल लेकर रैली में शामिल हो गए। इस दौरान शिक्षकों का हुजूम मतदान संबंधित नारे लगाते हुए जिस बाजार से गुजर रहा था लोगों की भीड़ देखने के लिए उमड़ पड़ रही थी। रैली सिकरारा बाजार, गोसाईगंज बाजार, लालाबाजार, गुदरीगंज, फतेहगंज, पकड़ी ब्लाक होते हुए कम्पोजिट विद्यालय इब्राहिमाबाद पहुंचे। वहां छात्राओं द्वारा मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए आकर्षक रंगोली बनाई गई थी। जिसका लोगो ने अवलोकन किया। जुलूस बैठक में परिवर्तित हो गया। शिक्षको को सम्बोधित करते हुए बीईओ ने कहा कि भारत जैसे लोकतंत्र में चुनाव महापर्व है। इसमें हर एक मतदाताओं को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए इस महापर्व को सफल बनाने के लिए आगे आना चाहिए। न केवल खुद मतदान करें बल्कि औरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। जब तक अधिक से अधिक लोग मतदान नहीं करेंगे, तब तक मजबूत लोकतंत्र की परिकल्पना संभव नहीं है। कार्यक्रम को प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह सम्बोधित करते हुए कहा कि परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक प्रत्येक गांव से जुड़े है इसलिए हमलोग मतदाता जागरूकता अभियान से पूरी तरह से जुड़कर अधिक से अधिक लोंगो को 7 मार्च को मतदान के लिए प्रेरित करना है। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुशील सिंह ने भी अबकी बार 70: पार का नारा दिया। संचालन देशबंधु यादव व आभार प्रधानाध्यापक सुनील सिंह ने ज्ञापित किया। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह, राजीव सिंह लोहिया, सतीश सिंह, डा. विजय बहादुर सिंह, शैलेष चतुर्वेदी, संदीप सिंह, धीरेंद्र यादव, अकील रहमान, राकेश सिंह, सन्तोष सिंह, रवि मिश्रा, चन्दन सिंह, आलोक सिंह, सुरेन्द्र प्रजापति, राजीव उपाध्याय, आनन्द सिंह देव, शैलेष सिंह देव, रामचन्द्र यादव, आनन्द सिंह, सीमा उपाध्याय सहित भारी संख्या में शिक्षक मौजूद थे।

## सपा को वोट देने का मतलब है माफिया एवं गुंडा राज को समर्थन देना– बसपा प्रमुख मायावती

नोएडा ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में चौथे चरण के लिए बुधवार को मतदान जारी है। इसी बीच बसपा सुप्रीमो मायावती मतदान करने के लिए लखनऊ के निगम नर्सरी स्कूल पहुंचीं। उन्होंने वोट डालने के बाद सपा पर करारा हमला बोला। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि प्रदेश के लोगों ने वोट देने से पहले ही समाजवादी पार्टी को नकार दिया है। सपा को वोट देने का मतलब है गुंडा राज, माफिया राज को समर्थन देना। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज भी सपा से खुश नहीं हैं, वे उन्हें वोट नहीं देंगे। सपा सरकार में हुए दंगे उसकी असली तस्वीर है। समाजवादी पार्टी के नेताओं के चेहरे बताते हैं कि वे इस बार सत्ता में नहीं आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश में चौथे चरण के तहत जिन नौ जिलों में आज मतदान चल रहा है। इनमें बांदा, फतेहपुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, पीलीभीत और उन्नाव



शामिल हैं। यहां की 59 सीटों पर कुल 624 प्रत्याशी मैदान में हैं। पिछली बार इनमें से 50 सीटें भाजपा के खाते में गई थीं, जबकि एक सीट पर अपना दल (सोनेलाल) ने कब्जा जमाया था। अन्य आठ सीटों में से चार पर सपा, जबकि दो–दो सीटों पर कांग्रेस और बसपा ने जीत हासिल की थी। इस चरण की 59 में से 29 सीटें ऐसी हैं, जिन्हें रेड अलर्ट जोन में रखा गया है। दरअसल, इन 29 विधानसभा सीटों पर खड़े होने तीन या इससे अधिक प्रत्याशी आपराधिक छवि वाले हैं।

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बोले– कोरोना के कारण बढ़ी महंगाई पर अब सामान्य हो रहे हालात

अंबेडकरनगर ब्यूरो : अंबेडकरनगर जिले के आलापुर में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का सम्मान विश्व में बढ़ा है। सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। हमने देश के नागरिकों का गर्व बढ़ाया है। भाजपा प्रत्याशी त्रिवेणी राम के पक्ष में बोलते हुए उन्होंने कहा कि कुछ महंगाई जरूर बढ़ी लेकिन उसका कारण कोरोना रहा। अब हालात सामान्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राशन, आवास, रसोई गैस का सिलेंडर, बिजली, किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि समाज का प्रत्येक वर्ग लाभान्वित हो रहा है। धारा 370 हटाने का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसा कार्य सिर्फ भाजपा ही कर सकती है। आज अन्य दल सत्ता पाने के लिए जाति की राजनीति कर रहे हैं लेकिन भाजपा ने सबका एक समान ध्यान रखा है। सभी को एक समान ढंग से योजनाओं का लाभ दिया गया है। विपक्ष पर प्रहार करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि देश की बात पर सबको एकजुट रहना चाहिए लेकिन वोट के लिए विपक्ष को बिखराव पसंद है। राहुल गांधी का जिक्र करते हुए कहा कि विपक्ष को सेना का मनोबल गिराने से परहेज नहीं है जबकि हम देश का सम्मान ऊंचा रख रहे हैं। एक वर्ष के अंदर सभी घरों में शुद्ध पानी पहुंचने



का भरोसा दिलाते हुए कहा कि हमें आपकी परवाह रहती। रक्षामंत्री ने कहा कि हमने किसानों की सिंचाई के लिए बिजली समेत अन्य सुविधाएं दी हैं। आगे बेहतर करेंगे। सपा बसपा पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि यह दोनों दल मिलकर यूपी नहीं जीत सके थे। अब अलग–अलग लड़कर भी 400 सीटें जीतने की हास्यास्पद बात कर रहे हैं।

## सबसे बड़ी गंदगी व्यक्ति की सोच मे होता है जिसे बदलने की विशेष जरूरत : डॉ. अशोक श्रोती

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सल्तनत बहादुर पीजी कालेज में चल रहे स्वच्छता एक्सन प्लान का समापन बुधवार को बहुत धूम धाम से संपन्न हुआ। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा आयोजित पांच दिवसीय स्वच्छता एक्शन प्लान के तहत चयनित स्वयंसेवियों ने स्वच्छता संबंधी महत्वपूर्ण गतिविधियों को अंजाम दिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय निदेशक लखनऊ रीजन डॉ अशोक श्रोती व अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील प्रताप सिंह ने सरस्वती जी के चित्र पर पुष्प अर्पित तथा दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य डॉ ब्रजेंद्र सिंह और डॉ. संतोष कुमार पांडेय ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। छात्र–छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी। डॉ राम मोहन अस्थाना ने बताया



कि विगत पाँच दिनों के अंदर जागरण रैली, श्रमदान, विचार गोष्ठी, निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता, रैली, नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर मुमताज अंसारी, डॉ. जोरावर सिंह, डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. पवन सिंह, सत्यम सुंदरम, बृजमोहन गुप्ता, प्रियांशु दुबे, अनुपमा, अंतिमा, रूपा, खुशी, रिशू, आभा आदि लोग उपस्थित रहे।

## उडनदस्ता टीम सदर–2 जौनपुर द्वारा चेकिंग के दौरान एक लाख पैतीस हजार रूपये नगद किया गया बरामद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिनांक 23.02.2022 को थाना कोतवाली जौनपुर उडनदस्ता टीम मजिस्ट्रेट श्री अजय कुमार चतुर्वेदी मय महराह पुलिस टीम उ0नि0 श्री विवेकानन्द सिंह ,का0राजू कुमार ,का0 अनिल कुमार यादव, अभिषेक कुमार (विडियो ग्राफर) ,सत्य प्रकाश (ड्राईवर) के साथ विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत 366 विधानसभा सदर कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत नईगंज तिराहा पेट्रोल पम्प के पास चेकिंग के दौरान आचार संहिता के नियमों के विपरीत हिमांशु जायसवाल पुत्र स्व0 राधेश्याम जायसवाल ग्राम उर्दू बाजार थाना कोतवाली जनपद जौनपुर उम्र 27 वर्ष के बैंग से एक लाख पैतीस हजार रूपये नगद की बरामदगी कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। बरामदगी का विवरणः– एक लाख पैतीस हजार रूपये नगद बरामदगी टीमः– 1.श्री अजय कुमार चतुर्वेदी उडनदस्ता टीम मजिस्ट्रेट विधानसभा–366 सदर जनपद जौनपुर 2.उ0नि0 श्री विवेकानन्द सिंह थाना कोतवाली जौनपुर 3.का0राजू कुमार थाना कोतवाली जौनपुर 4. का0 अनिल कुमार यादव थाना कोतवाली जौनपुर 5.अभिषेक कुमार (विडियो ग्राफर) 6.सत्य प्रकाश (ड्राईवर)।

## वयोवृद्ध नागरिकों ने मतदान कर निभाई उत्प्रेरक की भूमिका

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आज दिनांक 23–02–2022 दिन बुधवार को मतदान दिवस पर लखनऊ गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं श्री गुरू सिंह सभा,ऐतिहासिक गुरूद्वारा नाका हिन्डोला,लखनऊ के अध्यक्ष स0 राजेन्द्र सिह बग्गा उम्र 82 वर्ष अपनी पत्नी श्रीमती अमरजीत कौर बग्गा उम्र 76 वर्ष का साथ निभाने के लिए शासन द्वारा घर से मतदान करने की सुविधा होने के बावजूद भी प्रत्येक नागरिक की भाँति मतदान केन्द्र गुरु



नानक गर्ल्स इण्टर कॉलेज बाँसमण्डी में जाकर अपना मतदान किया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
संसार के सब रोगों की एक अचूक दवा एकदम निःशुल्क मिलती है जिसका नाम है – हंसी।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# शून्य बजट वाली प्राकृतिक खेती किसानों के लिए वरदान

जौनपुर सू.वि. : कृषि विज्ञान केंद्र बक्सा में मंगलवार को कृषि विभाग द्वारा सबमिशन आंन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन ''आत्मा'' योजना अंतर्गत दो दिवसीय आवासीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ सुरेश कुमार कन्नौजिया ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन की मार झेल रहे किसानों के लिए जीरो बजट प्राकृतिक खेती का मॉडल वरदान बनकर सामने आया है। एक देसी गाय के गोबर एवं एक नीम के वृक्ष से 30 एकड़ खेत में बंपर फसल पैदा की जा सकती है गाय के गोबर से बना जीवामृत फसलों के लिए अमृत है। रासायनिक खेती की तुलना में फसल का उत्पादन भी अधिक होता है, उन्होंने कहां कि पूरी तरह से प्राकृतिक संसाधनों के इस्तेमाल से की जाने वाली खेती को जैविक खेती कहा जाता है। जैविक खेती केवल फसल उत्पादन तक सीमित नहीं है वरन पशुपालन में भी यदि पशुओं को भोजन और दवाइयां इत्यादि प्राकृतिक रूप से उपलब्ध संसाधनों से प्रदान की जाएं तो ऐसे पशुओं के उत्पाद भी जैविक पशु उत्पाद कहलाते हैं। जब जैविक कृषि उत्पादन की बात करते हैं तो इसका अर्थ यह होता है कि कृषि उत्पादन के लिए जिन संसाधनों यथा (खाद, कीटनाशक इत्यादि) का उपयोग हो वे सभी प्राकृतिक रूप से ही बने होनी चाहिए इसके लिए गर्मी में गहरी जुताई, बीज शोधन, खरपतवार नियंत्रण, मल्चिंग, पौधों को पोषण गोबर की खाद, हरी खाद, वर्मी कंपोस्ट, पीएसबी कल्चर, माइकोराइजा, राइजोबियम, फसल चक्र का पालन,कीट एवं रोग नियंत्रण हेतु जैविक रोगनाशकध्कीटनाशक ट्राइकोडर्मा, ब्यूवेरिया बेसियाना का प्रयोग करें।

बीजामृत तैयार करने की विधि – पांच किलो ताजा गाय का गोबर लेकर एक कपड़े की थैली में रखकर एक पात्र में रख दें और पात्र को



पानी से भर दे इससे गोबर में विद्यमान सारे तत्व छनकर पानी में आ जाएंगे। दूसरे पात्र में 50 ग्राम चूना लेकर एक लीटर पानी में मिलाएं। 12 से 16 घंटे बाद कपड़े की थैली को दबाकर निचोड़ लें और गोबर अंक के साथ पांच लीटर गोमूत्र मिला दे, 50 ग्राम जंगल की शुद्ध मिट्टी, चुने का पानी और 20 लीटर सादा पानी भी मिला दे। 8 से 12 घंटों तक इस मिश्रण को छोड़ दीजिए इसके पश्चात पूरा मिश्रण छान लें। छना हुआ मिश्रण बीज उपचार के लिए उपयोग करें।

जीवामृत तैयार करने की विधि – दश किग्रा गाय का गोबर ध10 लीटर गोमूत्र 2 किग्रा गुण तथा एक किग्रा किसी दाल का आटाध एक किग्रा जीवंत मृदा को 200 लीटर जल में मिलाकर पांच से सात दिनों हेतु सड़ने दे। नियमित रूप से दिन में तीन बार मिश्रण को हिलाते रहे। एक एकड़ क्षेत्र में सिंचाई जल के साथ प्रयोग करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्यान वैज्ञानिक डा. राजीव सिंह तथा संचालन उप परियोजना निदेशक आत्मा डॉ रमेश चंद्र यादव ने किया इस मौके पर त्रिभुवन सिंह, राजनाथ, अनिल कुमार, जुनेद अहमद, प्रमोद उपाध्याय, ज्ञानेश्वर मिश्र, साधना, दुर्गा मौर्या आदि सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# सपा ने लगाई भाजपा के वोट बैंक में सेंध


जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सचिव से भाजपा प्रत्याशी गिरीश चंद यादव के समक्ष कठिनाइयां बढ़ती जा रही हैं अभी तक उनके चुनाव की राह में कोई कांटे नहीं थे लेकिन कांग्रेस पार्टी से पूर्व विधायक नदीम जावेद समाजवादी पार्टी से पूर्व विधायक अरशद खान तुम ही बसपा से सलीम खान की चुनाव मैदान में उतरने से चुनावी समीकरण बिगड़ने लगे हैं जैसे जैसे



मतदान की तारीख करीब आ रही वैसे वैसे चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों ने मैदान में बाजी मारने के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाना शुरू कर दिया है। मंगलवार को सबसे बड़ी बाजी मारी है सदर सीट से चुनाव लड़ रहे सपा प्रत्याशी मो0 अरशद खान ने। उन्होने भाजपा के वोट बैंक में जबरदस्त सेंधमारी किया है। अरशद खान ने बीजेपी के खाटी कार्यकर्ताओं व अपने अपने गांव के कई बार प्रधान रहे कई लोगों को अपने खेमे में शामिल कर लिया है। यह खबर मिलते ही भारतीय जनता पार्टी में हड़कंप मच गया है। भाजपा छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल होने वालो को मोदी–योगी से कोई बैर नही बल्की बीजेपी प्रत्याशी से खुन्नस है। सदर विधानसभा सीट पर भाजपा, सपा, कांग्रेस, बसपा,राष्ट्रवादी विकास पार्टी समेत दो दर्जन प्रत्याशी चुनाव मैदान में ताल ठोक रहे है। सभी उम्मीद्वार अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए जमकर खून पसीना बहा रहे है। कड़ी मेहनत के अलावा राजनीतिक दलों के लोग एक दूसरे के वोट बैंको में सेधमारी भी कर रहे है। मंगलवार को समाजवादी पार्टी को एक बड़ी बाजी हाथ लगी है। भाजपा प्रत्याशी से नाराज चल रहे सरायखाजा गांव के पूर्व प्रधान शैलेश कुमार सिंह उर्फ बल्लर, खलीलपुर के पूर्व प्रधान अरविन्द कुमार सिंह, बरगांव के अरूण कुमार मिश्रा, समदहां के विष्णु मिश्रा,उग्रसेन सिंह,राजू गुप्ता,सुजीत गुप्ता,महातीम विश्वकर्मा, विनोद कुमार यादव,सुबास यादव,लाल साहब यादव समेत दो दर्जन से अधिक लोगो ने भाजपा का दामन छोड़कर सपा में शामिल हो गये। पूर्व प्रधान शैलेश कुमार सिंह उर्फ बल्लर ने बताया लोग जनसंघ के जमाने से पार्टी से जुड़े हुए थे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यो से हम लोग पूरी तरह से संतुष्ट है लेकिन बीजेपी प्रत्याशी के कार्यशैली के चलते हम लोग अपने कलेजे पर पत्थर रखकर समाजवादी पार्टी में शामिल हुए है। उन्होने बताया कि अभी दर्जनभर के अधिक गांवो के बीजेपी कार्यकर्ता पार्टी छोड़कर जाने वाले है। यदि शैलेश सिंह का दावा सही निकला तो इसका खामियाजा सीधे बीजेपी को भुगतना पड़ सकता है।

# थाना मछलीशहर पुलिस ने दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर, द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव 2022 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक मछलीशहर श्री अवनीश कुमार राय कुशल नेतृत्व में व0उ0नि0 श्री रामप्रवेश कुशवाहा, उ0नि0 श्री धनन्जय कुमार राय मय हमराही कर्मचारीगण के रात्रिगश्त देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्धा वाहनों / व्यक्तियों के दौरान मिर्जापुर जलालाबाद मार्ग पर दो व्यक्ति वाहन धुलाई सेन्टर के पीछे पुलिस वाहन देखकर दुबकते हुऐ दिखाई दिऐ कि संदेह होने पर टार्चों की रोशनी से आस–पास तलाशी करने पर दो व्यक्ति भागने का प्रयास किये जिन्हें 10–15 कदम जाते जाते पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्तियो में से एक नें अपना नाम अवनीश कुमार बिन्द उर्फ पिन्टू उम्र करीब 22 वर्ष पुत्र विनय कुमार बिन्द निवासी कोढ़ा थाना मछलीशर जौनपुर बताया, जिसकी जमा तलाशी से उसके कब्जे से एक अदद तमन्चा 315 बोर व एक अदद कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। दुसरे व्यक्ति ने अपना नाम सुजीत विश्वकर्मा उर्फ ढुन्डू उम्र करीब 19 वर्ष पुत्र दीनानाथ विश्वकर्मा थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर बताया जिसकी जामा तलाशी से एक अदद चाकू अवैध बरामद हुआ। कड़ाई से पूछताछ करने पर मोनोब्लाक पम्पिंग सेट दो हार्सपावर चोरी करने की बात स्वीकार किये तथा धुलाई सेन्ट्रर के पीछे छुपा कर रखे गये उपरोक्त मोटर पम्प को बरामद करायें। चोरी की मोटर पम्प बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मछलीशहर पर मु0अ0सं0 60/22 धारा 411, 414 प्ध्ब बनाम अवनीश कुमार बिन्द उर्फ पिन्टू व सुजीत विश्वकर्मा पंजीकृत किया गया तथा अवैध तमन्चा बरामदगी के सम्बन्धा में मु0अ0सं0 61/22 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 बनाम अवनीश कु0 बिन्द तथा अवैध चाकू के बरामदगी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 62/22



धारा 4/25 शस्त्र अधि0 बनाम सुजीत विश्वकर्मा पंजीकृत कर बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्याया0 के समक्ष पेश किया जा रहा है। नाम पता अभियुक्तगण– 1. अवनीश कुमार बिन्द उर्फ पिन्टू उम्र करीब 22 वर्ष पुत्र विनय कुमार बिन्द निवासी कोढ़ा थाना मछलीशर जौनपुर 2. सुजीत विश्वकर्मा उर्फ ढुन्डू उम्र करीब 19 वर्ष पुत्र दीनानाथ विश्वकर्मा थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर विवरण बरामदगी– 1. चोरी की एक अदद मोनोब्लाक वाटर पम्प दो हार्स पावर। 2. एक अदद अवैध तमन्चा व एक अदद जिन्दा कारतूस दोनो 315 बोर। 3. एक अदद अवैध चाकू। गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1. व0उ0नि0 श्री रामप्रवेश कुशवाहा, थाना मछलीशहर जौनपुर। 2. उ0नि0 श्री धनन्जय कुमार राय, थाना मछलीशहर जौनपुर। 3. हे0का0 वेद प्रकाश यादव, थाना मछलीशहर जौनपुर। 4. कां0 संदीप कुमार, थाना मछलीशहर जौनपुर।

# विनियोजन में फर्जीवाड़े एवं वित्तीय क्षति से बचाने के लिए पुनः विनियोजित धनराषि के एफ.डी.आर. का परीक्षण कराये जाने हेतु दिये गये निर्देश

जौनपुर सू.वि. : जिला गन्ना अधिकारी हुद्दा सिद्दकी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि प्रदेश के आयुक्त गन्ना एवं चीनी तथा निबन्धक, सहकारी गन्ना समितियॉ, संजय आर. भूसरेड्डी द्वारा सहकारी गन्ना समितियों को एफ.डी.आर. के विनियोजन में फर्जीवाड़े एवं वित्तीय क्षति से बचाने के लिए समितियों द्वारा विभिन्न बैकों में विनियोजित धनराषि के एफ.डी.आर. का परीक्षण कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये हैं। इसके अतिरिक्त विनियोजित एफ.डी. आर. के परिपक्व होने की स्थिति में एफ.डी.आर. का नवीनीकरण न कराकर नये सिरे से पुनः विनियोजित कराये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश निर्गत किये गये हैं। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रदेश के निबन्धक, सहकारी गन्ना समितियॉ, उ.प्र., संजय आर. भूसरेड्डी द्वारा बताया गया कि, समिति एवं बैंक कार्मिकों द्वारा मिलीभगत कर फर्जी एफ.डी.आर. तैयार कराने का प्रकरण संज्ञानित हुआ। इसके बाद समितियों में ऐसे प्रकरणों की पुनरावृति भविष्य में होने से बचाने के लिए प्रदेश की सहकारी गन्ना समितियों में पूर्व में विनियोजित एफ.डी.आर. का उसी बैंक में नवीनीकरण न कराकर एफ.डी.आर. के नये सिरे से पुनः विनियोजन कराने के सम्बन्ध में मापदण्ड निर्धारित किये गये हैं। इससे समिति के समक्ष किसी प्रकार की वित्तीय क्षति की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी। एफ.डी.आर. के सम्बन्ध में निबन्धक द्वारा जारी इन मापदण्डों के अन्तर्गत सर्वप्रथम सहकारी गन्ना समितियाँ द्वारा बैंकों में विनियोजित धनराशि के एफ.डी.आर. का परीक्षण कराकर उसकी सत्यता की पुष्टि करायी जायेगी। इसके अतिरिक्त बैंकों में विनियोजित एफ.डी.आर. के परिपक्व होने के उपरान्त उसी बैंक में एफ.डी.आर. का नवीनीकरण न कराकर धनराशि समिति के बचत खाते में क्रेडिट कराते हुए नये सिरे से एफ.डी. आर. विनियोजित करायी जायेगी। नये सिरे से एफ.डी.आर. विनियोजित कराने हेतु एफ.डी. आर के परिपक्वता से पूर्व ही सभी बैंको से नवीन एफ.डी.आर. पर ब्याज दर का कोटेशन प्राप्त कर लिया जायेगा तथा समिति के वित्तीय हित में सबसे अधिक ब्याज दर कोट करने वाले बैंक में ही पुनः एफ.डी.आर. विनियोजित करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। निबन्धक, द्वारा जिले एवं क्षेत्रीय स्तर के अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया कि, वह समितियों के निरीक्षण के दौरान एफ.डी.आर. के विनियोजन में विभागीय दिशा–निर्देशों के अनुपालन का परीक्षण अवश्य करें जिससे वित्तीय अनियमितता न होने पाये एवं फर्जीवाड़ा करने वाले कार्मिकों पर भी कड़ी कार्यवाही कर लगाम लगाई जा सके।

# प्रजातंत्र में वोट ही सबकुछ इसलिए मतदान जरुर करें–एल वेंकटेश्वर लू

जौनपुर सू.वि. : मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सुनियोजित शिक्षा एवं मतदाता सहभागिता कार्यक्रम का आयोजन आज संगोष्ठी भवन पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री एल वेंकटेश्वर लू महानिदेशक उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी एवं राज्य ग्राम विकास संस्थान लखनऊ ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जनक कुमारी इन्टर कालेज की छात्राओं ने स्वागत गीत व मतदाता जागरूकता गीत प्रस्तुत किया। मुख्य विकास अधिकारी/स्वीप प्रभारी अनुपम शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वीप के अन्तर्गत अब तक किये गए कार्यक्रमो की रूपरेखा प्रस्तुत किया। दिव्यांग आईकान राहुल गुप्ता व सविता बैरागी ने वोट करेगा जौनपुर गीत गाकर सभी को बहुत आकर्षित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि मजबूत एवं स्वस्थ लोकतंत्र/प्रजातंत्र के लिए मतदान करना अत्यन्त आवश्यक है। प्रजातंत्र में वोट ही सबकुछ है। शासन व्यवस्था में सबसे बेस्ट प्रजातंत्र है। उन्होने कहा कि हमारे धार्मिक ग्रंथों का भी सार दान ही है। उन्होने कहा कि पढ़ें लिखे इलाकों में मतदान प्रतिशत कम है। इनके अन्दर देश समाज के प्रति भावना कम है। देश आपको क्या दे रहा है ये मत पूछो, आप देश के लिए क्या दे रहें हों ये देखो। उन्होने कहा कि वोट न डालना पाप है। दान करने से पुन्य मिलेगा, और मतदान से बड़ा कोई दान नही होता है। मुख्य अतिथि ने कहा कि क्या कारण हैं कि यहां मतदान प्रतिशत कम होता है, इसकी समीक्षा करते हुए हर मतदाता को मतदान करने के लिए जागरूक करे व प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि यदि मतदाता को प्रत्याशी पसंद नही है तो घर से बाहर निकलकर मतदान केन्द्र पर अवश्य जायें और नोटा का बटन दबायें। उन्होने कहा कि यदि प्रत्याशी अच्छा नही होगा तो उसके विरूद्ध नोटा का बटन दबाकर मतदान करने से आगे भविष्य में राजनैतिक दल अच्छे प्रत्याशी को ही टिकट देगी। उन्होने कहा कि मतदाता जितना जागरूक होगा, व्यवस्था उतनी ही मजबूत होगी। देश की मजबूती एवं प्रजातंत्र के लिए मतदान करना ही होगा। जितनी अच्छी व्यवस्था चाहिए उतना वोट में परिलक्षित होना है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि यदि अपने स्वास्थ्य को सही ढंग से रखने के लिए कोविड का वैक्सीनेशन शत प्रतिशत लगवा सकते हैं तो मजबूतध्स्वस्थ लोकतंत्र के लिए शत प्रतिशत मतदान क्यों नही कर सकते हैं। उन्होंने जनपद वासियों से अपील किया कि 7 मार्च को मतदान जरुर करें। मतदान समाज में सुधार की प्रक्रिया है। उन्होंने मुख्य अतिथि को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपके मार्ग दर्शन में हम सभी जिला प्रशासन के लोगों द्वारा पिछले मतदान प्रतिशत की अपेक्षा इस बार मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए शत प्रतिशत प्रयास किया जा रहा है। अपर जिलाधिकारी राम प्रकाश ने कहा कि जनपद का जेंडर रेशियों काफी बढ़ा है, अब सभी मतदाताओं की जिम्मेदारी है कि अच्छी भावना, सोच के साथ प्रजातंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान करें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल ने कहा कि कहा कि अपने संविधान के मूल कर्तव्य को निभाएं, प्रतिफल अवश्य मिलेगा। उन्होने कहा कि मतदान जितना शुद्ध व अधिक होगा, लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। इस अवसर पर बच्चों द्वारा पोस्टर, व रंगोली बनाकर मतदाताओं को प्रेरित किया गया तथा कार्यक्रम स्थल पर मतदाता को आकर्षित करने हेतु सेल्फी प्वाइंट लगाये गये थे। इस अवसर पर मतदाता जागरूकता अभियान को बेहतर ढंग से करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक आर के पंडित, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी आर बी सिंह, विश्वविद्यालय एनएसएस समन्वयक डॉ राकेश कुमार यादव, रेडक्रास सोसाइटी, जेसीआई, लायन्स क्लब मेन, पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन, बीएलओ सरिता सिंह को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। अन्त में जिलाधिकारी ने लोगों को मतदाता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रदीप सिंह, शैलेश चतुर्वेदी, सरिता सिंह ने भी सम्बोधित करते हुए मतदाताओं को मतदान करने हेतु जागरूक किया। संचालन निपुण श्रीवास्तव ने किया इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बी बी सिंह, जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, डीसी एनआरएलएम ओ पी यादव, डी सी मनरेगा, डीपीआरओ, डीएसओ, खण्ड शिक्षा अधिकारी, सहित शिक्षक, आंगनबाड़ी, आशा, महिला समूह सदस्य, रोजगार सेवक, कालेज के छात्र छात्राएं, एससीसी व एनएसएस के युवा आदि उपस्थित रहे।

# एनसीपी ने सपा गठबंधन को समर्थन देने का किया एलान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राष्ट्रवादी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व एमएलसी सिराज मेंहदी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी एवं उसके सहयोगी दलों की पूर्ण बहुमत के साथ अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनेगी। सिराज मेंहदी बुधवार को शिया कालेज में पत्रकारों से वार्ता करते हुए समाजवादी पार्टी और



उसके गठबंधन को एनसीपी के समर्थन का एलान करते हुए कहाकि एनसीपी सपा के साथ मिलकर यूपी विधानसभा चुनाव लड़ रही है और सपा गठबंधन पूर्ण बहुमत से यूपी में सरकार बनाकर राजतंत्र को खत्म करने में बड़ी भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहाकि चार चरणों के चुनाव के रुझान आने के बाद भाजपा नेताओं की सियासी जमीन खिसक गई है अब भाजपा प्रदेश के माहौल को खराब करने के लिए अनर्गल बयान बाजी कर रही है जिसका मुह तोड़ जवाब जनता देगी। सिराज मेहंदी ने विश्वास जताया कि पवार ने जिस तरह महाराष्ट्र से बीजेपी की सरकार को उखाड़ फेंकने में कामयाब रहे हैं, उसी तरह समाजवादी पार्टी समेत अन्य सहयोगी दल की मदद से यूपी से भी बीजेपी सरकार को सत्ता से उखाड़ कर फेंकने में हम सभी कामयाब होंगे। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष ने एनसीपी के समर्थन का स्वागत करते हुए कहाकि एनसीपी नेता पूर्व एमएलसी सिराज मेहदी के समर्थन से निश्चित तौर पर जिले की सभी 9 विधानसभाओं में भारी मतों से सपा गठबंधन के उम्मीदवारों की विजय सुनिश्चित होगी। प्रेस वार्ता के बाद कांग्रेस के जिला सचिव असलम इराकी ने सिराज मेंहदी की मौजूदगी में दर्जनों समर्थकों के साथ एनसीपी की सदस्यता ग्रहण किया। इस मौके पर सपा के पूर्व प्रदेश सचिव नजमुल हसन नजमी, सपा नेता अब्दुल हक अंसारी, सपा नगर अध्यक्ष कमालुद्दीन, अमित यादव, राजा समाजवादी, आशीष चौरसिया, अजीज फरीदी आदि मौजूद रहे।

## बसपा प्रत्याशी सुनील पाठक के समर्थन में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने चुनावी जनसभा की

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। जनसभा करने पहुंचे बसपा के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने बयान में बताया कि तीन चरण का मतदान हो चुका है।आज चौथे चरण का मतदान हो रहा है। सतीश चंद्र मिश्रा का दावा है कि प्रदेश में बसपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है।जो लोग बहुजन समाज पार्टी को कम आंक रहे हैं उनको बहुत बड़ा झटका लगने वाला है।तीन चरणों की चुनाव के बाद बहुजन समाज पार्टी के पक्ष में एकतरफा मतदान हो रहा है। पूरा प्रदेश प्रदेश में कानून का राज स्थापित करवाना चाह रहा है। किसान का हक उसको मिले, महिलाएं सुरक्षित हो, बेरोजगारों को रोजगार मिले। एक बार फिर प्रदेश की जनता पांचवी बार मायावती को मुख्यमंत्री बनाने जा रही है। अयोध्या में जितनी भी सीटें हैं सब बसपा को मिलने जा रही है। भाजपा ने अयोध्या को बहुत धोखा दिया है। राम के नाम पर वोट मांगने का काम किया है इसके अलावा कुछ नहीं किया। अयोध्या के लोग भी यह जान ले उनके साथ धोखा हुआ है और वह भाजपा को बाहर का रास्ता दिखाएं और बीकापुर विधानसभा में प्रत्याशी सुनील पाठक के पक्ष में जनसभा करते हुए उन्हें जिताने की बात कही।

# 1.200 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त को थाना शाहगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा आगमी विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराधा की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी तथा अवैध मादक पदार्थो की बरादगी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक शाहगंज जौनपुर के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 23.02.2022 को व0उ0नि0 श्री जयप्रकाश यादव थाना शाहगंज मय हमराही कर्मचारीगण के देखभाल क्षेत्र में मामूर थे कि मुखबीर खास से प्राप्त सूचना पर बडागांव चौराहा थाना शाहगंज जौनपुर से अभि0 शहनवाज पुत्र गयासुदीन नि0 बडागांव थाना शाहगंज जनपद जौनपुर को एक झोले में एक किलो दौ सौ ग्राम गांजा नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 57/2022 धारा 8/20 N.D.P.S. ACT थाना शाहगंज जनपद जौनपुर पंजीकृत कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त –शहनवाज पुत्र गयासुदीन नि0 बडागांव थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। बरामदगी का



विवरणः– एक झोले में एक किलो दो सौ ग्राम गांजा नाजायज गिरफ्तारी करने वाली टीमः– 1. व0उ0नि0 श्री जयप्रकाश यादव थाना शाहगंज जनपद जौनपुर 2. हे0कां0 राजकुमार यादव थाना शाहगंज जनपद जौनपुर 3. कां0 बिकेश चौहान थाना शाहगंज जनपद जौनपुर 4. का0 अंकुश कुमार सिंह थाना शाहगंज जनपद जौनपुर 5. का0 मंटू प्रसाद थाना शाहगंज जनपद जौनपुर।

# प्रेक्षक 369 मछलीशहर अजित कुमार रंजन द्वारा मछलीशहर तहसील सभागार में चुनाव से सम्बंधित बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : मा0 प्रेक्षक 369 मछलीशहर अजित कुमार रंजन द्वारा मछलीशहर तहसील सभागार में चुनाव से सम्बंधित बैठक किये। बैठक मे विभिन्न पार्टियों के कैडिडेट्स ने अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से जानकारी प्राप्त की। उक्त बैठक में चुनाव आयोग के निर्देशों से अवगत कराया गया कि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर प्रेक्षक महोदय ने समाधान कराने का निर्देश दिया और इस क्रम में अपना स्थानीय मोबाइल नंबर 7317628969 उपलब्ध कराया गया। 371–जफराबाद विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 में माननीय सामान्य श्री सचिन राणा महोदय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार जौनपुर में 11.00 से 12.00 बजे के मध्य विधानसभा जफराबाद के निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों तथा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बैठक की गयी, जिसमें निर्वाचन से सम्बन्धित आदर्श आचार सहिता, ई०वी०एम० पोस्टल बैलेट मतपत्रों सहित मतदान इनकोर (ENCORE), कंवाईसी वोटर आई डी एप के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से चर्चा करके बताया गया। मा० प्रेक्षक महोदय से मिलने हेतु लोक निर्माण विभाग निरीक्षण भवन जौनपुर में मिलने का समय 11–12 बजे बताया गया एवं स्थानीय मोबाइल नम्बर 7317629589 दिया गया। बैठक में सोमनाथ मिश्र, उप संचालक चकबन्दी ध्रिटर्निंग ऑफिसर प्रवीण कुमार त्रिपाठी एवं रामकृपाल द्विवेदी, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर इत्यादि उपस्थित रहे।

# उड़नदस्ता टीम द्वारा चेकिंग के दौरान दो लाख रुपये नकद किया गया बरामद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिनांक 23.02.2022 को थाना मुगराबादशाहपुर उड़नदस्ता टीम मजिस्ट्रेट श्री राजेन्द्र कुमार चौरसियां सहा0वि0अधि0सह0 मय हमराह पुलिस टीम उ0नि0 रणजीत उपाध्याय, का0 अभिमन्यु यादव, का0 रविप्रकाश यादव के साथ विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत 368 विधानसभा मुगराबादशाहपुर क्षेत्र अन्तर्गत मछलीशहर तिराहा कस्बा मुगराबादशाहपुर में चेकिंग के दौरान आचार संहिता के नियमों के विपरीत राजीव कुमार पुत्र स्व0 फूलचन्द्र गुप्ता निवासी गुड़हाई थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर के बैग से दो लाख रुपये नकद की बरामदगी कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही हैं। बरामदगी का विवरणः दो लाख रुपये नकद। बरामदगी टीमः 1. श्री राजेन्द्र कुमार चौरसियां– उड़नदस्ता टीम मजिस्ट्रेट विधानसभा मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 2. उ0नि0 रणजीत उपाध्याय थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 3. का0 अभिमन्यु यादव थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर।4. का0 रवि प्रकाश यादव थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर।

# राम और रामनगरी अयोध्या से घर का नाता : सीएम योगी आदित्यनाथ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उत्तर प्रदेश में 2022 के विधानसभा चुनाव में पांचवें चरण के मतदान वाले क्षेत्रों में रामनगरी अयोध्या भी शामिल है।जिसके चलते सभी राजनैतिक दल के सभी पदाधिकारी जनता से अपने अपने पक्ष में वोट डालने की अपील कर रहे है।वही इसी कड़ी में सूबे के मुखिया योगी आदित्य नाथ ने बीकापुर के आरडी इंटर कॉलेज में भाजपा प्रत्याशी डॉ अमित सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।अपने संबोधन की शुरूआत में योगी बोले कि पांचवे चरण के चुनाव प्रचार का आरंभ रामनगरी अयोध्या से कर रहा हूं।मिल्कीपुर से गोरखनाथ बाबा और बीकापुर से डॉ.अमित सिंह चौहान भाजपा प्रत्याशी हैं।अयोध्या के सोहावल स्थित राम दास इंटर कॉलेज में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आप गाय की सुरक्षा करने वालों, राम के मंदिर का निर्माण करने वालों को वोट दीजिए न कि गाय काटने वालों को।उन्होंने कहा कि राम मंदिर बन गया है तो भी उसका दर्शन करने बबुआ भीआ रहे हैं । योगी ने अपने संबोधन में कहा कि हम अयोध्या की पांचों सीटें जीतेंगे और प्रदेश में 325 सीटों पर विजय होंगे।उन्होंने कहा कि ज्यादा सीटें जीतकर मजबूत और दमदार सरकार बनाएंगे। सीएम ने लोगों से पूछा कि सभी को 2017 से पहले सपा शासनकाल याद है। जब प्रदेश में गुंडों का राज था। लोगों को अपने पर्व मनाने की छूट नहीं होती थी। लोगों में मन में अपराधियों का भय था। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही गायों की सुरक्षा और मजबूत की जाएगी। जो किसान गायों को पालेंगे उनको प्रति गाय छ900 प्रति माह के हिसाब से सहयोग किया जाएगा। गायों की सुरक्षा को खेती से किसान इसे किसानों से जोड़ा जाएगा। किसानों का सहयोग और गाय की सुरक्षा हर हाल में प्रदेश की भाजपा सरकार के द्वारा की जाएगी इसके साथ किसी भी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाएगा। पूरी दुनिया आज अयोध्या की ओर देख रही है। अयोध्या का मतलब राम मंदिर से है। अगले वर्ष तक यह भव्य मंदिर बनकर तैयार होगा। अयोध्या को भव्य नगरी के रूप में स्थापित करना है तो यूपी में भाजपा की डबल इंजन की ही सरकार रहनी चाहिए। 2017 के पहले आपको बिजली भी नहीं मिलती थी। ईद और मोहर्रम पर यूपी में बिजली आती थी और होली दिवाली पर कटौती होती थी।अयोध्या का दीपोत्सव भी सभी ने देखा है। गरीब के घर में दीपक बनता है फिर जब वह जगमगाता है तो पूरी दुनिया उसे देखती है। अयोध्या को उसके गौरव के साथ जोड़ने के लिए ही आपके बीच में मैं आया हूं। सीएम बोले कि भारत में बनी वैक्सीन समय से लोगों को मुहैया कराई गई। इसको प्रदेश की सरकार ने मेगा कैंप लगाकर लोगों को निश्शुल्क उपलब्ध कराया गया। उन्होंने वैक्सीन के लिए भारत सरकार और पीएम मोदी का शुक्रिया अदा किया।सीएम योगी ने रामजन्म भूमि मामले का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने राम मंदिर पर ताला लगवाया था। वहीं समाजवादी पार्टी ने रामभक्त कारसेवकों पर गोलियां चलवाई थी।

# विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 में लगे मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : रामनगरी में आयोजित विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 में लगे समस्त मतदान कार्मिकों का पार्टीवार द्वितीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ । यह प्रशिक्षण दिनाँक 19 फरवरी 2022 से दिनाँक 22 फरवरी 2022 तक दो–दो पालियों में संचालित किया गया। इस दौरान प्रशिक्षणकर्ताओं द्वारा समस्त प्रतिभागियों को मॉकपोल, सी0आर0सी0 की प्रक्रिया, ई.वी.एम. कनेक्शन आदि सहित आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए संपूर्ण मतदान प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने हेतु बरती जाने वाली सावधानियां सहित प्रत्येक मतदान कर्मी के जिम्मेदारियों का विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा मतदान कर्मियों से मॉकपोल, सी0आर0सी0 की प्रक्रिया, ई.वी.एम. कनेक्शन आदि के सम्बन्ध में प्रश्न भी पूंछें गए, जिनका प्रतिभागियों द्वारा उत्तर भी दिया गया। इस अवसर पर विगत चुनाव की मतदान प्रक्रिया में जिन नए प्रक्रियाओं को सम्मिलित किया गया है की भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार ने कहा कि समस्त मतदान कर्मी 26 फरवरी को समय से पार्टी रवानगी स्थल पर पहुँच कर अपनी उपस्थिति दर्ज करने के पश्चात निर्वाचन सामग्री प्राप्त कर सामग्री का मिलान दी गयी सूची से अनिवार्य रूप से करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी के प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते समय मतदान कर्मियों से मतदान प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने संबंधित विभिन्न कार्यों संबंधी प्रश्नों को पूछा गया जिस पर प्रतिभागियों ने भी पूछें गए सवालों का सही–सही जबाब दिया। जिलाधिकारी ने सभी मतदान कर्मियों को अवांछनीय तत्वों पर विशेष ध्यान रखने तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पूरी गंभीरता के साथ उसे स्वयं निस्तारित करने का प्रयास करने तथा आवश्यकता पड़ने पर सक्षम अधिकारियों अथवा सुरक्षा कर्मियों की भी मदद लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान कर्मी मतदान के दौरान अच्छे आचरण का परिचय दें वहां पर किसी भी प्रकार की राजनीतिक पार्टी संबंधित चर्चा कोई भी कर्मचारी ना करे, निष्पक्ष होकर संपूर्ण मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराएं। प्रत्येक दशा में निर्वाचन की गरिमा को बनाए रखें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान कर्मी मतदान केंद्र पर किसी भी प्रकार का आतिथ्य किसी भी दशा में स्वीकार न करें। उन्होंने कहा कि 26 फरवरी 2022 को पार्टी रवानगी स्थल से ईवीएम प्राप्त करने से मतदान कराने तदोपरांत ईवीएम को जमा करने तक ईवीएम के सुरक्षा की संपूर्ण जिम्मेदारी समस्त संबंधित पार्टी के मतदान कर्मियों की होगी। उन्होंने कहा कि पार्टी रवानगी स्थल से मतदान स्थल तक जाने तथा वहां से ईवीएम जमा करने हेतु मतदान स्थल तक आने तक निर्धारित सरकारी वाहन का ही प्रयोग करें, किसी भी दशा में प्राइवेट अथवा निजी वाहन का प्रयोग न करें। उन्होंने सभी पीठासीन अधिकारियों को निर्देश पुस्तिका मतदान के पूर्व भली–भांति अध्ययन कर लेने के निर्देश दिए तथा पीठासीन अधिकारी सहित समस्त मतदान कर्मियों व मतदान प्रक्रिया से जुड़े समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि आयोग के निर्देशानुसार समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा समस्त प्रक्रियाओं को चुनाव आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए सकुशल संपन्न कराए जाएं। तदोपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदान कर्मियों द्वारा पोस्टल बैलट के माध्यम से विधानसभा वार किए जा रहे मतदान का भी निरीक्षण किया तथा समस्त मतदान कर्मियों से अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनीता यादव ने की मतदान कर्मियों के मतदान से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

# समाजवादी पार्टी ने पूर्व एमएलसी विशाल वर्मा को बनाया स्टार प्रचारक : पूर्वी उत्तर प्रदेश पर है पार्टी की नजर

अयोध्या संवाददाता अमित कुमार मणि त्रिपाठी : अयोध्या–अंबेडकर नगर से एमएलसी रहे समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता विशाल वर्मा को पार्टी ने विधानसभा चुनाव 2022 का स्टार प्रचारक बनाया है। विशाल वर्मा को स्टार प्रचारक बनाए जाने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर देखी जा रही है। विशाल वर्मा को स्टार प्रचारक बनाकर समाजवादी पार्टी ने अंबेडकर नगर और आसपास के जिलों में कुर्मी समुदाय के मतदाताओं को पूरी तरह से लामबंद करने का इरादा जताया है। विशाल वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की सरकार बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। बताते चलें कि विधानसभा के पांचवें चरण के चुनाव में समाजवादी पार्टी ने निर्वाचन आयोग को जिन सपा कद्दावर नेताओं का नाम स्टार प्रचारक की सूची में दिया है।उसमें पूर्व एमएलसी विशाल वर्मा भी शामिल है । विशाल वर्मा को स्टार प्रचारक बनाए जाने से उनका राजनीतिक कद काफी बढ़ गया है। बताते चलें कि विशाल वर्मा ने टांडा विधानसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी बनने का दावा किया था, बाद में टांडा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व मंत्री राममूर्ति वर्मा को प्रत्याशी बना दिया गया। पूर्व एमएलसी विशाल वर्मा ने सपा नेतृत्व के निर्णय को स्वीकार ही नहीं किया बल्कि राममूर्ति वर्मा के चुनाव में भी वे तन मन धन से लगे देखे गए। स्टार प्रचारक बनाए जाने के बाद एमएलसी विशाल वर्मा का कहना है कि वह टांडा विधानसभा क्षेत्र के साथ–साथ पार्टी नेतृत्व जिस भी विधानसभा क्षेत्र में प्रचार प्रसार के लिए भेजेगा । वे उसे पूरा करेंगे।

# बहुजन समाज पार्टी के पक्ष में चल रहा है अंडर करंट–सुनील पाठक

अयोध्या संवाददाता अमित कुमार मणि त्रिपाठी : बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी देवकाली मंदिर अयोध्या के महंत सुनील पाठक ने मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र में तमाम जगहों पर डोर टू डोर जनसंपर्क किया। और क्षेत्र के विकास तथा जन कल्याणकारी सरकार के गठन के लिए मत देने की अपील किया। कई जगह पर नुक्कड़ सभाओं का भी आयोजन हुआ। इसी क्रम में दोपहर को नगर पंचायत के वार्ड नंबर 1 बीकापुर खास में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। तथा अपनी प्राथमिकताओं को बताया। और कहा कि चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र की जनता को उनके पास नहीं जाना पड़ेगा। वह खुद चलकर जरूरतमंदों के घर पहुंचेंगे। और जन समस्या का निराकरण कराएंगे। इस बार फिर प्रदेश में बहन मायावती जी की पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगी। कानून व्यवस्था का राज स्थापित होने के साथ तमाम तमाम जनकल्याणकारी योजनाएं लागू होगी। कहा कि चुनाव में पूरे विधानसभा क्षेत्र में हर जगह सभी वर्गों का व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। इस दौरान सभासद राकेश वर्मा, डॉ अशोक निषाद, डॉ गंगाराम तिवारी, लालमणि निषाद, सोभनाथ अनाड़ी सहित तमाम लोग शामिल रहे।

# जनता तय करे मुख्यमंत्री आवास में नवरात्र में कन्या पूजन या ईद में रोजा इफ्तार– लक्ष्मीकांत बाजपेई

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : अयोध्या में भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मीकांत बाजपेई ने सपा बसपा व कांग्रेस पर साधा निशाना। प्रियंका गांधी के लड़की हूं लड़ सकती हूं स्लोगन पर किया तंज। कहा उन्होंने बड़े–बड़े होर्डिंग लगाए।उसमें चार बेटियों के चित्र लगे थे। उस चार बेटियों में तीन बेटियां अब भाजपा में। जो अपनी पोस्टर गर्ल को नहीं बचा सका वह क्या समाज की बेटियों को बचाएगा। चौथी बेटी से भी चल रही बातचीत। जल्द होगी भाजपा में। चारों बेटियों को एक मंच पर खड़ा करने का काम भाजपा करेगी। बाजार में सब्जियों के रेट गिरने लगेंगे तो सरकार उनको सहायता देकर उसको मेनटेन करेगी। आतंकवादियों का समर्थन करने वाले लोग व आतंकवाद में फांसी की सजा पाए मुलजिम के पिता के साथ फोटो खींचवाने वाले वाले लोगों को जनता स्वीकार नहीं करेगी। अब यह जनता को तय करना है मुख्यमंत्री आवास में नवरात्र में कन्या पूजन या मुख्यमंत्री आवास में ईद के समय में रोजा इफ्तार। पेंशन बहाली पर बोले लक्ष्मीकांत बाजपेई। कहा समय आने पर सरकार करेगी विचार।सरकारी कर्मचारी को इतना हल्का समझे अखिलेश यादव ने। सरकारी कर्मचारी भारत माता के साथ कभी समझौता नहीं करेगा–लक्ष्मीकांत बाजपेई। अयोध्या विधानसभा के पुरसाये में भाजपा प्रत्याशी वेद प्रकाश गुप्ता के समर्थन में जनसभा करने पहुंचे थे लक्ष्मीकांत बाजपेई।

# पूर्व मन्त्री डॉ महेश शर्मा ने भाजपा प्रत्याशी आरती तिवारी के समर्थन में जनसभा को किया सम्बोधित

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा ने गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड तारुन की ग्राम पंचायत पिछौरा में भाजपा प्रत्याशी आरती तिवारी के समर्थन में आयोजित एक जन सभा में कहा कि भाजपा – अपना दल निषाद पार्टी की संयुक्त प्रत्याशी आरती तिवारी जो एक महिला है, उनके पति को फर्जी मामले में फंसा कर जेल भेजा गया, और वह अपनी दुधमुंही बच्ची को लेकर इंसाफ मांगने निकली है। उन्होंने आगे कहा कि एक महिला की मनोदशा एक महिला ही समझ सकती है ।आरती तिवारी इस घर की क्षेत्र की बहू है । इनके ऊपर जो संकट आया है आप सब जानते हैं । मैं आरती के लिए कुछ मांगने आया हूँ । पत्नी का सुहाग पति होता है । पत्नी को सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद दिया जाता है । अपना आशीर्वाद देकर आरती को लखनऊ भेजिए ।आरती तिवारी के पति तो कई महीनों से उस जुर्म की सजा भुगत रहे है जो उन्होंने किया ही नही है । खब्बू तिवारी ने अपने विधायकी कार्यकाल में गोसाईगंज विधानसभा में विकास की गंगा बहाई, उससे विपक्षी परेशान हो गए और साजिश के तहत उन्हें इसलिए जेल भिजवा दिया कि क्षेत्र में विकास न हो । मुझे जो जानकारी मिली है इसी गांव में उनके द्वारा सात किमी सड़क का निर्माण करवाया जा रहा है । उन्होंने महिलाओं से अपील किया कि आरती तिवारी को उनका पति एवं दुधमुंही बच्ची को उसके पापा से आप सभी तभी मिलवा सकते है, जब मतदान के दिन एक एक मत उनके पक्ष में करेंगेकरेंगे। आगे कहा कि पिछली सरकार में गरीबी हटाओ का नारा देने वाले 70 साल में गरीबी तो नही हटा सके, किन्तु गरीब मिटता चला गया । 130 करोड़ देशवासियों का प्रतिनिधित्व करने वाले देश के प्रधानमंत्री गरीब का बेटा नरेंद्र मोदी जिसे ईश्वर ने देवदूत बनाकर भेजा है, जिसकी वजह से पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है । किसी ने कल्पना नही किया था कि अयोध्या में राम मंदिर बनेगा । किन्तु आपके सामने 2023 तक मन्दिर बनकर तैयार हो जाएगा । कश्मीर के नासूर को मोदी जी ने खत्म किया । कश्मीर भारत का हिस्सा था, है और रहेगा । कोरोना जैसी महामारी मे भी सभी गरीबों को राशन, वैक्सीन, बिजली गैस की उपलब्धता, सहित उक्त बातें पिछौरा में हुई सभा मे केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा ने कहा कहा कि खब्बू तिवारी इस क्षेत्र का बेटा हैं । अनुप्रिया पटेल ने अपना आशीर्वाद समर्थन दे दिया है । संजय निषाद ने भी आकर अपना आशीर्वाद दिया है । योगी को दोबारा मुख्यमंत्री बनाना है।

# युवाओं को नशे की लत लगाने वाला गिरफ्तार : काफी दिनों से तलाश में जुटी थी खंडासा पुलिस : युवाओं को बेचता था नशा

अयोध्या संवाददाता अजय कुमार तिवारी : अयोध्या की खंडासा पुलिस काफी दिनों से युवाओं को नशे की ओर ले जाने वाले आरोपी की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने उसे पकड़ लिया है। खंडासा व कुमारगंज थाना क्षेत्र में युवाओं को गांजा बिक्री व नशे की ओर ले जाने वाले गांजा तस्कर को खंडासा पुलिस ने मोहाली चौराहे से किया गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार युवक गांजे की बिक्री करता था, उसके पास से एक किलो गांजा भी बरामद हुआ है। पकड़ा गया युवक अमित पाल थाना कुमारगंज क्षेत्र के पुलिस चौकी देवगांव अन्तर्गत इदिलपुर गांव का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार आरोपी नशीले पदार्थ की ओर धकेलने का काम कर रहा था लेकिन अब पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। अब कुछ दिन तक नशीले पदार्थ की बिक्री पर बंद रहने का अनुमान है। पुलिस चौकी प्रभारी खंडासा अश्वनी कुमार सिंह कांस्टेबल अनुज कुमार के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर ने चौकी प्रभारी खंडासा को सूचना दी कि एक व्यक्ति संदिग्ध बहादुरगंज से अमानीगंज संपर्क मार्ग स्थित महोली चौराहे पर किसी का इंतजार कहीं जाने के लिए कर रहा है। सूचना मिलते ही उप निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह कांस्टेबल अनुज के साथ मौके पर जैसे पहुंचे उक्त युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया लेकिन तब तक पुलिस टीम ने युवक को पकड़ लिया। खंडासा थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मिल्कीपुर में पकड़ी गई बिजली चोरी : मुर्गी फार्म में की जा रही थी बिजली चोरी : कार्रवाई की तैयारी में विभाग

अयोध्या संवाददाता अजय कुमार तिवारी : उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन विभाग के उपखण्ड अधिकारी कुमारगंज लाइन लास को लेकर लगातार चेकिंग कर रहे हैं। उपखंड अधिकारी अपनी टीम अवर अभियंता आनंद प्रकाश और अशोक कुमार लाइनमैन के साथ कुमारगंज उपकेंद्र से निकलने वाले पोषक तुलसमपुर फीडर पर मंगलवार की सुबह लगभग 8:30 बजे चेकिंग करने पहुंच गए। टीम ने बिना कनेक्शन के मुर्गी फार्म चला रहे कुमारगंज थाना अंतर्गत बहबारमऊ निवासी अजय पुत्र शिव बहादुर को दो किलोवाट के बिना कनेक्शन है। अवर अभियंता कुमारगंज आनंद प्रकाश ने बताया कि कनेक्शन संबंधी कागजात नहीं दिखाया गया इससे कनेक्शन काट दिया गया। उपखंड अधिकारी संतोष कु राम मार ने बताया कि बिना कनेक्शन के चला रहे उपभोक्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने की कार्रवाई की जाएगी। लगातार विद्युत का नुकसान हो रहा था जिसकी शिकायत मिल रही थी। सूचना के आधार पर विद्युत टीम ने छापेमारी में विद्युत चोरी पकड़ लिया। विद्युत विभाग ने एक पखवाड़े पूर्व छापेमारी कर नगर पंचायत कुमारगंज विद्युत चोरी पकड़ी थी जिसमें कार्रवाई करते हुए नगर पंचायत से जुर्माना वसूल किया था।

# मिल्कीपुर क्षेत्र के गांवों में छात्र छात्राओं ने मतदाताओं को मतदान के लिए किया प्रेरित

अयोध्या संवाददाता अजय कुमार तिवारी : कृषि विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज द्वारा ग्रामसभा डोभियारा में जागरूकता अभियान मनाया गया। जिसके अंतर्गत प्रभात फेरी करके गांव के जनमानस में अपने एक मत के महत्व को समझाया गया। बच्चों ने लोगो को पहले मतदान फिर जलपान जैसे स्लोगन से मतदान के लिए प्रेरित किया। अभियान के तहत आने वाली 27 फरवरी को प्रत्येक मतदाता को मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। अभियान की सुचारू रूप से सफलता हेतु सारगर्भित मार्गदर्शन एवं निर्देशन अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉक्टर वेदप्रकाश द्वारा ग्रामीण किसानों, महिलाओं एवं प्रथम बार मतदान करने वाले बच्चे एवं बच्चियों को अपने वोट के महत्व के बारे में जानकारी देकर किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन उन्नत भारत अभियान के तहत गोद लिए गए गांव डोभियारा मे अभियान के सह समन्वयक डॉ आलोक सिंह द्वारा किया गया। प्रभात फेरी में प्रमुख रूप से अभियान के समन्वयक डॉ सीताराम मिश्रा द्वारा आह्वान किया गया कि, आने वाले राष्ट्रीय उत्सव में शत प्रतिशत मतदान मे सहभागिता के साथ बिना किसी भय, लालच के एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया गया। सह अधिष्ठाता डॉ सुशील कुमार, बिश्वबिद्यालय के चुनाव अभियान के नोडल ऑफिसर डॉक्टर सुरेश कुमार, डॉ उत्कर्ष त्रिपाठी एवं बड़ी संख्या में बीएससी कृषि द्वितीय वर्ष एवं चतुर्थ बर्ष के छात्र/ छात्राओ का प्रतिभाग इस अभियान में रहा। इस मौके पर प्रधान निर्मल सिंह, संजय सिह, दुर्गेश, रूपेश के साथ साथ ग्रामवासी मौजूद रहे।

# आचार संहिता उल्लंघन में अब तक पांच पर दर्ज हुई एफआईआर – जिला निर्वाचन अधिकारी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के तहत जिले में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में पांच लोगों पर केस दर्ज हो चुका है। सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि अब तक पांच मामले आचार संहिता उल्लंघन के आए जिन पर एफआईआर विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत दर्ज किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इसी क्रम में जनपद में पब्लिक प्रापर्टी पर वाल राइटिंग, पोस्टर, बैनर आदि मामलों के तहत 37149 शिकायतों तथा प्रत्याशियों द्वारा सम्बंधित भवन स्वामी के अनुमति के बिना उनकी प्राईवेट/निजी प्रापर्टी पर प्रचार की शिकायत के तहत 19361 मामलों में कार्रवाई की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने बताया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को शांति, निष्पक्ष, भयमुक्त व पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने के लिए कटिबद्ध है। किसी भी प्रत्याशी व राजनैतिक पार्टी द्वारा किसी भी किस्म की अनियमितता व आचार संहिता का उल्लंघन तथा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन न किया जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# ईमानदार एवं कर्मठ जनप्रतिनिधि चुनने के लिए करें अपने मताधिकार का प्रयोग– बीडीओ

अयोध्या संवाददाता अजय कुमार तिवारी : हैरिंग्टनगंज ब्लॉक मुख्यालय से मतदाता जागरूकता मशाल पदयात्रा निकाली गई। जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव में मतदाताओं से बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया गया। मंगलवार को हैरिंग्टनगंज विकासखंड मुख्यालय से खंड विकास अधिकारी अनिशि मणि पांडे, खंड शिक्षा अधिकारी शैलजा मिश्रा, पशु चिकित्सा अधिकारी विवेक शुक्ला, बाल विकास परियोजना अधिकारी ओम प्रकाश एवं वीओपीआरडी अरविंद बाजपेई ने मशाल जलाकर पदयात्रा को रवाना किया। गाजे बाजे के साथ निकाली गयी मतदाता जागरूकता पदयात्रा मे वोट देना गर्व है, जनता का यह पर्व है, पहले मतदान, फिर जलपान जैसे नारे लगाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। खण्ड विकास अधिकारी अनिशि मणि पाण्डेय ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा कि चुनाव एक पर्व जैसा है, हमें ईमानदार, कर्मठ जनप्रतिनिधि को चुनने के लिए धर्म, जाति, समुदाय से ऊपर उठकर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने आगामी 27 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान करने एवं कराने के लिए आगे आने का आह्वान मतदाताओं से किया। पशु चिकित्सा अधिकारी हैरिंग्टनगज विवेक शुक्ला ने मतदाताओं का आह्वान करते हुए कहा कि हमें शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लेना चाहिए, और किसी के दबाव में आकर अपने मतदान का प्रयोग नहीं करना चाहिए। हैरिंग्टनगंज विकासखंड मुख्यालय से निकाली गई पदयात्रा में खंड शिक्षा अधिकारी हैरिंग्टनगंज शैलजा मिश्रा ने मतदाताओं से सातवें चरण के मतदान में खुलकर भाग लेने की अपील की। बीओ पीआरडी अरविंद बाजपेई ने जागरूकता रैली मे कहा कि हमें हरहाल मे मतदान करना चाहिए।उन्होंने आगामी 27 फरवरी को होने वाले चुनाव में सौ फीसदी मतदान करने की अपील मतदाताओं से की। ब्लॉक मुख्यालय से निकाली गयी मतदाता जागरूकता पदयात्रा ग्राम पंचायत पाराताजपुर, सेमरा होते हुए ग्राम पंचायत पलिया लोहानी चौराहे पर जाकर समाप्त हुई। मतदाता जागरूकता पदयात्रा में मुख्य रूप से एडीओ को–आपरेटिव अवधेश वर्मा, जॉइंट वीडीओ विमलेश मोहन श्रीवास्तव, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी राकेश कुमार वर्मा, प्रदीप वर्मा, मायाराम वर्मा, देवेंद्र कुमार पांडे, मुकेश कुमार मौर्य, मनोज तिवारी, राम भवन वर्मा, विनोद कुमार, जय सिंह यादव, स्वयं सेवक स्काउट गाइड के बच्चों सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# फर्जी वीजा के मामले में अदालत ने दिया मुकदमा दर्ज करने का आदेश

अयोध्या संवाददाता अजय कुमार तिवारी : थाना मवई के ग्राम हुनहुना के निवासी उसमान द्वारा अधिवक्ता अरशद शेरा को बताया गया कि मकबूल निवासी बस्ती द्वारा पीड़ित के बेटे को फर्जी कूटराचित वीजा देकर विदेश भेजने के नाम पर पैसे ले लिए गए ।जबकि वीजा फर्जी कूटराचित था पैसों की मांग करने पर गाली ,धमकी देता रहा जिसकी लिखित शिकायत पीड़ित द्वारा पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराने हेतु देता रहा लेकिन कोई रिपोर्ट दर्ज न होने पर प्रार्थी ने अदालत का दरवाजा खटखटाया जिस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय फैजाबाद ने सुनवाई करते हुए विपक्षी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत जांच करने का आदेश पारित किया ।जिसकी पैरवी अधिवक्ता श्री अरशद शेरा द्वारा की गई।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com



उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।